# मुरादाबाद से लखनऊ की हवाई सेवा शुरू, 75 मिनट में पूरा होगा सफर

## ● मंत्री धर्मपाल सिंह ने हरी झंडी दिखाकर लखनऊ के लिए किया रवाना, पहली फ्लाइट में सवार थे 19 पैसेंजर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

उत्तर प्रदेश के हर जिले को एयर कनेक्टिविटी से जोड़ने के सीएम योगी के ख्वाहिश को शनिवार नई उड़ान मिली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकार्पण के ठीक पांच माह बाद शनिवार को पीतल नगरी मुरादाबाद हवाई अड्डे से लखनऊ के लिए पहली विमान सेवा ने उड़ान भरी। मंत्री धर्मपाल सिंह ने हरी झंडी दिखाकर 19 सीटर विमान को मुरादाबाद से 19 पैसेंजर के साथ राजधानी लखनऊ के लिए रवाना किया। इससे पहले फ्लाइट का स्वागत वाटर कैनन सैल्यूट देकर किया गया। इस दौरान पंडित ने विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ सेवा की शुरुआत की। मुरादाबाद से हवाई सेवा शुरू होने से महज 75 मिनट में लखनऊ का सफर पूरा किया जा सकेगा। वहीं इसका किराया मात्र 1348 रुपये रखा गया है। कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने उद्घाटन के दौरान कहा कि यह सेवा न केवल मुरादाबाद बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए लाभदायक साबित होगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही मुरादाबाद से बेंगलुरु, मुंबई और अन्य प्रमुख शहरों के लिए हवाई सेवाएं शुरू की जाएंगी। इससे शहर के पीतल उद्योग को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। मालूम हो कि 10 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुरादाबाद के हवाई अड्डे के साथ प्रदेश के पांच एयरपोर्ट का वर्चुअली शुभारंभ किया था। इसमें मुरादाबाद के अलावा आजमगढ़, अलीगढ़, चित्रकूट और श्रावस्ती के हवाई अड्डे शामिल थे। ऐसे में मुरादाबाद के लोगों को हवाई सेवा के शुरू होने का बेसब्री से इंतजार था, जो शनिवार को समाप्त हो गया।